तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



भगवान श्रीराम के परम मित्र थे भक्त गुहा निषाद राज 14





करुणा और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे निषादराज 14




## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त, एक आरोपी के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम पड़कीपाली के पास भंवरपुर पुलिस ने एक बाइक सवार से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सेतकुमार खुटे पिता स्व दिलीप सिंह खुटे (40 साल) भंवरपुर के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब कीमत 1600 रुपए और एक बाइक कीमत 20000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम हरदी जाने वाले मार्ग से पिथौरा पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने नरेश मिरी पिता कार्तिकराम मिरी (42 साल) निवासी हरदी थाना पिथौरा जिला महासमुंद, के कब्जे से कुल 6 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### 40 लीटर महुआ शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम डूमरपाली के परवानी एनीकट के पास पिथौरा पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी उमेश सिदार पिता मोहन सिदार (25 साल) निवासी ग्राम डुमरपाली, छबि सिदार पिता मोहित सिदार (21 साल) निवासी ग्राम डुमरपाली के कब्जे से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद किया। मामले में आरोपी धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# सोने-चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, शादी के सीजन में भी सराफा बाजार सूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोने-चांदी की कीमतों हुई बढ़ोतरी ने आम जनता और व्यापारियों के साथ सोने चांदी के कारीगरों की भी परेशानी बढ़ा दी है। शादी-ब्याह के सीजन में गुलजार रहने वाले सराफा बाजार में इन दिनों सन्नाटा है। रिकार्ड तोड़ कीमतों ने न केवल आम लोगों का बजट बिगड़ा है, बल्कि व्यापारियों के सामने भी कारोबार बचाए रखने की चुनौती है। इतनी अधिक कीमतों के चलते मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए आभूषण खरीदना बेहद मुश्किल हो गया है।

**शादी सीजन के बाद भी ग्राहकी नहीं**-अमन ज्वेलर्स के संचालक के अनुसार शादी का सीजन होने के बावजूद दुकानों में ग्राहक नहीं आ रहे। पहले जहां ग्राहकों की भीड़ संभालना मुश्किल होता था, वहीं अब दिनभर ग्राहक का इंतजार करना पड़ रहा है।

महंगे दामों के कारण लोग शोरूम में प्रवेश करने से भी कतरा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन ग्राहकों ने पहले से शादी के लिए गहनों की बुकिंग कराई थी, वे अब वजन कम करवा रहे हैं। जहां पहले 5 तोले के गहने बनवाए जाते थे, अब लोग 2 तोले में ही काम चला रहे हैं। कई ग्राहक पुराने गहने लाकर उन्हें गलवाकर नए डिजाइन बनवा रहे हैं, क्योंकि नया सोना खरीदना तो आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है।

## मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए गहना खरीदना बेहद मुश्किल

### महंगाई का असर वैवाहिक परंपराओं पर

महंगाई का असर वैवाहिक परंपराओं पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कृषि और छोटे व्यापार पर निर्भर जिले में शादियों में सोने के गहनों का विशेष महत्व रहा है, लेकिन इस बार लोग असली सोने की जगह वन ग्राम गोल्ड या आर्टिफिशियल ज्वेलरी का सहारा ले रहे हैं।



### कारीगरों को नहीं मिल रहा काम

बिक्री में गिरावट से व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्टॉक रखने के लिए अधिक पूंजी की जरूरत पड़ रही है, जबकि किराया, बिजली और कर्मचारियों के वेतन का बोझ लगातार बना हुआ है। गहनों के नए ऑर्डर कम होने से स्थानीय कारीगरों को भी काम नहीं मिल पा रहा है।

## खुलासा: घटना के एक साल बाद आरोपी पुलिस गिरफ्त में, घटना पटेवा थाना क्षेत्र की

# महिला को फंसाया, डेढ़ महीने तक बंधक रखा, फिर लूट के लिए हत्या कर जलाई लाश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कोडारबांध के सागौन प्लांटेशन में मिली थी महिला की लाश

कोडार बांध के सागौन प्लांटेशन में साल भर पहले अधजली मिली महिला की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नि की हत्या मामले में सजा काटकर बाहर आया युवक उक्त महिला का हत्यारा निकला। आरोपी ने गहनों के लालच में महिला की गला घोंटकर हत्या की और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को आग लगा कर फऱार हो गया था। घटना 2 अप्रैल 2025 की है।

पुलिस ने लाश की पहचान नही हो पाने के चलते डीएनए टेस्ट कराया, जिससे मृतिका की पहचान धमतरी निवासी 55 वर्षीय सुनीता रजक के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि सुनीता जनवरी 2025 में पटेवा में मड़ई मेला देखने आई थी और लिफ्ट लेकर कहीं गई थी, जिसके बाद से वह लापता थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी सूरज ध्रुव एक आदतन अपराधी है।



साल 2018 में उसने अपनी पत्नी की भी हत्या की थी, जिसकी सजा काटकर वह दिसंबर 2024 में जेल से बाहर आया था। जेल से बाहर आने के कुछ ही दिनों बाद उसने इस दूसरी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के जेवर और घटना में इस्तेमाल स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। इस अंधे कत्ल को सुलझाने में तुमगांव थाना प्रभारी और साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### लिफ्ट देने के बहाने रची साजिश

जांच के दौरान पुलिस ने संदेही सूरज ध्रुव को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें मामले का खुलासा हुआ। आरोपी ने बताया कि 30 जनवरी 2025 को उसने सुनीता को पटेवा के नंदी चौक पर लिफ्ट दी थी। उसने महिला को झांसा दिया कि वह उसे काम दिला देगा और उसे अपने जीजा के एक पुराने बंद घर में करीब डेढ़ महीने तक रखा।

### लूट और हत्या की खौफनाक वारदात

मार्च 2025 के अंतिम सप्ताह में जब महिला ने अपने घर वापस जाने की जिद की, तो सूरज के मन में उसके गहने देखकर लालच आ गया। वह उसे छोड़ने के बहाने मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान जंगल में ले गया। वहां उसने साड़ी से ही सुनीता का गला घोंट दिया। हत्या के बाद उसने महिला के सोने के टॉप्स और चांदी के जेवर लूट लिए। पहचान छिपाने के लिए उसने शव पर सूखे पत्ते और लकड़ी डालकर उसे जला दिया और फरार हो गया।

### सिरको राशन दुकान में हादसा, सहायक सेल्समैन की मौत

**बसना।** सिरको स्थित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राशन दुकान में सहायक सेल्समैन गजेंद्र तांडी (82 वर्ष) चावल खाली कराने के बाद सफाई कार्य कर रहा था। इसी दौरान वितरण के लिए आए भारी वाहन ट्रक (क्रमांक सीजी 04 जेबी 8699) ने पीछे की ओर से ठोकर मार दी।हादसा इतना गंभीर था कि सहायक सेल्समैन गजेंद्र तांडी गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के कारण दुकान की दीवार और चैनल गेट भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और बसना पुलिस को सूचना दी। घायल को शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को मर्च्यूरी भवन में रखवाया गया है। यह घटना शनिवार 17 जनवरी की शाम करीब 4:40 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद राशन दुकान की संरचना भी क्षतिग्रस्त अवस्था में है। बसना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

# स्कूटी सवार युवकों से ढाई लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे स्कूटी सवार दो युवकों को तुमगांव पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से करीबन ढाई लाख का गांजा बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार तुमगांव पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति जुपिटर स्कूटी बिना नंबर ग्रे सफेद कलर में ओडिशा की ओर से रायपुर की ओर गांजा परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने एनएच 53 रोड तुमगांव तिराहा के पास जाकर घेराबंदी की। कुछ समय बाद देखे कि एक बिना नंबर की स्कूटी में दो व्यक्ति सवार होकर तुमगांव तिराहा कि ओर आ रहे, जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। जिस पर वाहन चालक ने अपना नाम योगेंद्र यादव पिता स्व दिलीप यादव (20 वर्ष) ग्राम लखौली वार्ड क्र 07 थाना आरंग जिला रायपुर एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सागर धीवर पिता रमेश धीवर (19 वर्ष) लखौली वार्ड क्र 07 थाना आरंग जिला रायपुर होना बताया।

साथ ही उन्होंने ओडिशा के ग्राम नित्यानंदपुर से 05 पैकेट गांजा खरीद कर बिक्री करने लखौली ले जाना बताया। स्कूटी की तलाशी के दौरान डिक्की 4.930 किलोग्राम गांजा कीमत 2, 46, 500 रुपए बरामद किया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से जुपिटर वाहन कीमत करीब 85, 000 रुपए, मोबाइल, नगदी रकम 320 रुपए कुल 3, 36, 820 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।





### जर्दायुक्त गुटखा परिवहन पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 48 कट्टी गुटखा जब्त

**महासमुंद।** जिले में जर्दायुक्त गुटखा के अवैध परिवहन पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में गुटखा जब्त किया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी उमेश कुमार के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने साइबर सेल टीम के सहयोग से जर्दायुक्त गुटखा के अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच कार्रवाई करते हुए छापेमारी के दौरान कुल 48 कट्टी जर्दायुक्त गुटखा बरामद किया, जिसे परिवहन के जरिए खपाने की तैयारी की जा रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई नियमित जांच एवं निगरानी के दौरान की गई। संदिग्ध वाहन/परिवहन की सूचना मिलने पर एफडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां जर्दायुक्त गुटखा बड़ी मात्रा में पाया गया। राज्य में प्रतिबंध के बावजूद गुटखा का अवैध परिवहन किए जाने पर प्रशासन ने तत्काल जब्ती की कार्रवाई की। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए गुटखा के सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे तथा संबंधित धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, अवैध व्यापार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया भी जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिले में जर्दायुक्त गुटखा के निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर लगातार सख्त निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध गुटखा बिक्री या परिवहन की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

### शराब दुकान के अंदर घुसकर मारपीट, बोतलों को तोड़ा

**महासमुंद।** तुमगांव के शराब दुकान में घुसकर मारपीट और बोतलों को तोड़ने वाले आरोपियों के विरूद्ध शराब दुकान के मल्टीवर्कर ने तुमगांव थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस को कंपोजिट मदिरा दुकान तुमगांव के मल्टीवर्कर प्रमोद कुमार सेंगर पिता अमृत लाल सेंगर (28 साल) निवासी ग्राम पचरी ने बताया कि 16 जनवरी के रात्रि 9 बजे सुपरवाईजर मोहित गायकवाड, सेल्समैन उमेश मन्नाडे, देवेंद्र सिंह, कृष्णा साहू और वह सभी दुकान में अपने-अपने कार्य में व्यस्त थे। तुमगांव के वीरेंद्र साहू और देवलाल साहू शराब लेने के लिए आये, जिसके द्वारा 200 रुपए का एक नोट देकर अंग्रेजी शराब मांगा गया, तब उसने 120 रुपए का शराब आएगा, चिल्हर नहीं है, 20 रुपए चिल्हर देने कहा। इस पर वे लोग चिल्हर नहीं रखते हो, शराब दुकान क्यों खोलकर रखे हो कहते हुए गाली गलौज कर वापस चले गये फिर कुछ देर के बाद अपने कुछ साथियों के साथ वे दोनों फिर वापस आये और जान से मारने की धमकी देते हुए शराब दुकान के अंदर घुसकर हाथ मुक्का से प्रार्थी से मारपीट करने लगे। आरोपियों ने साथी कर्मचारी उमेश मन्नाडे, देवेंद्र सिंह और मोहित गायकवाड़ के साथ भी मारपीट की और दुकान के अंदर शराब की बोतल को तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351 (3), 324(2), 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।







# मांगों को लेकर शिक्षक फेडरेशन किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति एवं क्रमोन्नत की मांग सहित चार सूत्रीय मांग को लेकर जिला मुख्यालय लोहिया चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि अपने ज्ञापन में चार प्रमुख मांगों को रखा गया है। जिसमें मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, एलबी संवर्ग के शिक्षकों की पुरानी सेवा की गणना कर समस्त लाभ प्रदान करना टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पहल करने, वीएसके एप के माध्यम से आनलाइन उपस्थिति के स्थान पर अन्य कोई सुरक्षित साधन उपलब्ध कराना जैसी मांग शामिल है। धरना प्रदर्शन में हजारों की संख्या में शिक्षक जुटे। धरना को संबोधित करते हुए प्रांतीय पदाधिकारी सिराज बक्श, आदित्य गौरव साहू, राजाराम पटेल, दिनेश नायक और प्रदीप पटेल और ब्लॉक अध्यक्ष द्वय बाबूलाल ध्रुव महासमुंद, शरण दास बसना, गणेश चौहान सरायपाली, महिला ब्लॉक अध्यक्ष द्वय मुनिया निर्मलकर महासमुंद, रश्मि चंद्राकर बागबाहरा, पुष्पलता पटेल पिथौरा, सरस्वती पटेल बसना सहित दीपाली वर्मा, सीमा यादव सहित प्रमुख पदाधिकारियों ने कहा कि आज प्रदेश के शिक्षक न्याय की गुहार लगाने बैगलेस डे के दिन एक दिन का अवकाश लेकर यह धरना प्रदर्शन कर रहे है। हम सरकार को उनके द्वारा किया गया वादा याद दिला रहे, जिसमें उन्होंने मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नति वेतन प्रदान करने की बात कही थी। आज उसी घोषणा गारंटी को याद दिलाने के लिए शिक्षक अपनी स्कूलों से निकल कर सड़क में बैठकर कर सरकार को जगाने का काम कर रहे हैं। सभा को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ने उदबोधन के माध्यम से आंदोलन के लिए पूर्ण समर्थन प्रदान किया। धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि इस आंदोलन में उमड़ा शिक्षकों का जनसैलाब यह बता रहा है कि प्रदेश का शिक्षक अपने साथ किए गए वादे को पूरा कराने के मन बना लिया है। आज एक दिवसीय आंदोलन कर हम सरकार से निवेदन करते है कि मोदी की गारंटी को यथा शीघ्र पूरा करें। अन्यथा यह आंदोलन आने वाले समय में बड़े आंदोलन का रूप लेगा। आंदोलन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से जिला पदाधिकारी बीपी मेश्राम, पुरुषोत्तम चंद्राकर, हरिशंकर पटेल, गोपाल साहू, राजेश चंद्राकर, आत्माराम साहू, लव निर्मलकर, विजय साहू, विष्णु जागृति, बलराम नेताम, विनय यादव, लुकेश ध्रुव, संदीप साहू, विजय राजपूत, अजय बंजारे, राजेश भालेराव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।

### बजट सत्र से पहले की चेतावनी

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष ने मीडिया से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि यह केवल एक जिले का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह सरकार के लिए एक संकेत है। उन्होंने कहा है कि यदि आगामी बजट सत्र से पहले शासन हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती है, तो संगठन प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन की रणनीति बनाएगा।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क ब्रेन एवं स्पाइन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज



**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम द्वारा 18 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क ब्रेन एवं स्पाइन (मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी) स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में प्रसिद्ध ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन डॉ. वैभव धावली द्वारा मरीजों की जांच एवं परामर्श किया जाएगा। डॉ. वैभव धावली प्रतिदिन बसना में 24 घंटे अपनी सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। शिविर के दौरान कमर दर्द, पैरों में झनझनाहट/सुन्नपन, नसों का दर्द, गर्दन दर्द, झुकने-बैठने में परेशानी सहित रीढ़ एवं नसों से संबंधित सभी रोगों की जांच एवं परामर्श किया जाएगा। इसके साथ ही शिविर में सीटी स्कैन एवं एक्स-रे जांच पर विशेष 30 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इस शिविर में रीढ़ की हड्डी का ट्यूमर, स्लिप डिस्क, सियाटिका, डिस्क प्रोलैप्स, स्पाइन टीबी जैसी बीमारियों के सभी ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से पूर्णतः निशुल्क किए जाएंगे।

## निधन



अनसुईया कश्यप

**महासमुंद।** ग्राम अरंड निवासी अनसुईया कश्यप का 17 जनवरी को आकस्मिक दुःखद निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 18 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे निज निवास गृह ग्राम अरंड में किया जाएगा। वे अनिल कश्यप मां एवं अभिषेक कश्यप व आर्यन कश्यप की दादीं थी।



# बिरकोनी क्षेत्र में रबी फसल के रोपा लगाने का काम शुरू

## मौसम बदलाव नहीं हुआ तो अच्छी फसल की है उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

क्षेत्र में रबी फसल के लिए एक माह पहले धान थरहा दे चुके किसान अब मजदूरों की सहायता से खेतों में रोपा लगा रहे हैं। रोपा लगाने से पहले खेत को पहले साफ कर सप्ताहभर ट्यूबबेल से सिंचाई की। मजदूरों की सहायता से खेतों में रोपा कार्य कराया जा रहा है, जो जनवरी भर चलेगा। इसके अलावा कई किसान सुविधा के अनुसार सीधी बोआई भी कर रहे है। अभी जो बोआई हो रहे या कर चुके है उन लोगों की फसल फरवरी में बियासी करने लायक हो जाएगी। इस वर्ष किसानों को पिछले वर्ष की अपेक्षा सीमित बीमारी और मौसम के बदलाव नहीं होने की उम्मीद है। इस बार जून से अक्टूबर तक अच्छी बारिश होने से मौसम में सामान्य तापमान और ठंड अधिक पड़ने से पौधे का संतुलन बना हुआ है। क्योंकि, दिन में धूप तेज हो रहा हैं और रात में तापमान कम है। कभी मौसम में परिवर्तन होने से रात को सर्द और दिन में धूप अधिक होने से पौधे ठीक समय पर निकल रहे है, जिससे संतुलन बना हुआ है। खेतों में इस समय पानी का उपयोग हो रहा है। ट्यूबबेल से खेती का काम चल रहा है। वहीं धान के पकने के समय अप्रैल-मई में पानी की अधिक आवश्यकता पड़ेगी। आसपास के नहर और नदी में पानी होने से खेत के बोर का संतुलन बना हुआ है।

# पूजन-हवन और पूर्णाहुति के साथ भक्तिमय वातावरण में शिवमहापुराण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में विगत 9 जनवरी से आयोजित भव्य शिवमहापुराण कथा का भावपूर्ण समापन माघ कृष्ण त्रयोदशी शनिवार 17 जनवरी को पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन पूजन, हवन एवं पूर्णाहुति की पावन प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। वैदिक मंत्रोच्चार, अग्निहोत्र और "ॐ नमः शिवाय" के निरंतर जाप से संपूर्ण वातावरण शिवमय हो उठा और उपस्थित श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत दिखाई दिए।

व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कथावाचक पंडित पंकज तिवारी ने समापन अवसर पर कहा कि शिवमहापुराण कथा केवल श्रवण मात्र नहीं, बल्कि जीवन को शुद्ध, संयमित और धर्ममय बनाने की साधना है। उन्होंने बताया कि कथा का समापन पूजन, हवन और पूर्णाहुति के बिना अधूरा माना जाता है, क्योंकि इन्हीं अनुष्ठानों से कथा में निहित आध्यात्मिक ऊर्जा का पूर्ण संचार होता है। पंडित तिवारी ने कहा कि हवन की अग्नि में समर्पित आहुतियां नकारात्मक शक्तियों का नाश कर सकारात्मकता का विस्तार करती हैं।

कथा के समापन दिवस पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया था। विधिवत पूजन के पश्चात हवन का आयोजन किया गया, जिसमें यजमानों के साथ बड़ी संख्या में भक्तों ने आहुतियां प्रदान कीं। हवन के दौरान भगवान शिव से परिवार, समाज



और राष्ट्र की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की गई। पंडित पंकज तिवारी ने हवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अग्नि देव को साक्षी मानकर किया गया यह कर्म मानव जीवन के दोषों को दूर कर आत्मिक शुद्धि प्रदान करता है। पूर्णाहुति के अवसर पर वातावरण विशेष रूप से भावविभोर हो गया। श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर भगवान शिव का ध्यान किया और शिव कृपा प्राप्ति की प्रार्थना की। पश्चात भगवान शिव की भव्य महाआरती की गई, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। आरती के दौरान ढोल-नगाड़ों और शंखनाद से पूरा पंडाल गूंजायमान हो उठा।

कथावाचक पंडित पंकज तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिवमहापुराण में वर्णित कथाएं मनुष्य को कर्तव्य, करुणा और विवेक का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि कथा से प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक जीवन में उतारें और सत्य, सेवा एवं सदाचार के मार्ग पर चलें। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान शिव की भक्ति से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। समापन अवसर पर आयोजन समिति द्वारा कथावाचक पंडित पंकज तिवारी का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले त्रिमूर्ति कॉलोनी की महिला, बच्चे, युवाओं ने सभी श्रद्धालुओं, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। शिवमहापुराण कथा के इस दिव्य समापन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार किया और श्रद्धालुओं के मन में शिव भक्ति की अमिट छाप छोड़ दी।

# जिले के कराते खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर बढ़ाया गौरव



**महासमुंद।** ओपन नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन वैद्य गार्डन बालाघाट मध्यप्रदेश में विगत 11 से 12 जनवरी 2026 तक मध्यप्रदेश राज्य कराते संघ, यूनाइटेड शोतोकान कराते फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के कराते संघ के राष्ट्रीय डायरेक्टर वरुण पाण्डेय (ब्लैक बेल्ट 5 डॉन) के आतिथ्य में काता एवं कुमिते प्रदर्शन किया गया। जिसमें बागबाहरा से लक्ष्य साहू कुमिते-सिल्वर मेडल, आराध्या साहू कुमिते-सिल्वर मेडल, हर्षा ध्रुव काता-गोल्ड मेडल, कुमिते- सिल्वर मेडल, देवकी यादव काता -सिल्वर मेडल, कुमिते-गोल्ड मेडल, सीनियर वर्ग में भूरकोनी से राजेश चक्रधारी कुमिते-गोल्ड मेडल, बसना से वंशिका चौहान काता-गोल्ड मेडल, पिथौरा से विरेन्द्र डडसेना कुमिते-गोल्ड मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन आगामी 7 से 8 फरवरी 2026 तक हैदराबाद तेलंगाना में होने वाली इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप 2026 के लिए किया गया। उक्त टीम आगामी 5 फरवरी को हैदराबाद रवाना होगी। उक्त खिलाड़ियों की सफलता पर राज्य कराते संघ यूएसके सचिव सेंसेई रूखमणी रानू, कराते वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष पंकज दास, सचिव वीरेंद्र डडसेना, सेंसेई राजेश चक्रधारी, सेंसई वंशिका चौहान, निशी धीवर, वेणु मंजूरी, हरप्रीत सिंह, शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अधीक्षिका रक्षा साहू, लक्की साहू ने हर्ष जताया है। उक्ताशय की जानकारी वीरेंद्र डडसेना ने दी है।

# जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विभिन्न योजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

ग्राम पंचायतों के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों का स्थल निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वीबी-जी राम जी एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत अचानकपुर के स्कूल का भी निरीक्षण किया गया। विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, अध्यापन व्यवस्था तथा मध्यान्ह भोजन की स्थिति का जायजा लिया गया। बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के लिए शिक्षकों को नियमित अध्यापन एवं बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त आगामी सिरपुर महोत्सव आयोजन को लेकर चल रही तैयारियों का अवलोकन कर निर्देश दिए गए एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करने एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# तुमगांव जोन में एफएलएन द्वितीय चरण प्रशिक्षण का समापन आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



एफएलएन के अंतर्गत नवीन पाठ्यक्रम पर प्राथमिक शाला के शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय पाँच दिवसीय द्वितीय चरण प्रशिक्षण तुमगांव जोन में हुआ। प्रशिक्षण के पांचवें एवं अंतिम दिवस को शिक्षकों द्वारा आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने पूरे प्रशिक्षण को उत्सवमय स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत करते हुए राउत नाचा, सुआ नृत्य एवं ददरिया की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए सीखने को रोचक और अनुभवात्मक बनाने की दृष्टि से विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक स्टाल लगाए गए। इनमें देशी पकवान स्टाल, घड़ी दुकान स्टाल, मोबाइल दुकान स्टाल, बोतल स्टाल, फल दुकान स्टाल, मिठाई स्टाल तथा बैग स्टाल प्रमुख रहे। इन स्टालों के माध्यम से खेल-खेल में गणितीय गणना, भाषा प्रयोग एवं जीवन कौशल से जुड़ी गतिविधियों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार साहू, कुमार साहेब कुर्रे, राजेश मारकंडे, लक्ष्मण साहू, सालिकराम सेन, बाबूलाल ध्रुव, राजेश पाठक, रामनाथ यादव, मुकेश प्रजापति, भोज यादव, अनंत कुमार ध्रुव, चंद्रिका साहू, सेवाबती ठाकुर, मंजू साहू, रानू शर्मा, तरन्नुम खान, दीप्ति चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, मन्नूलाल चौधरी, रोमन चंद्राकर, शोभाराम साहू, हेमू पटेल सहित अनेक शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर गोपाल साहू, नीरज साहू एवं बलराम नेताम का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त विकासखण्ड के विभिन्न संकुलों से शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ एफएलएन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने में सहायक हैं तथा शिक्षकों को नवाचार, आनंददायक शिक्षण एवं बाल-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। प्रशिक्षण का समापन सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह एवं सीखने के नए संकल्प के साथ किया गया।

# बनपचरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन 15 जनवरी से 21 जनवरी तक शासकीय प्राथमिक शाला बनपचरी में किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन समारोह अर्जुन सोनी सरपंच प्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य तथा शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि विकास अग्रवाल (अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको), रोशन पटेल (जनपद सदस्य महासमुंद), उपसरपंच मानसिंह यादव, पंचायत सचिव अशोक निषाद, कुमार लाल साहू (संकुल प्राचार्य शाउमावि बनपचरी), जनभागीदारी समिति सदस्य सुनील पटेल, कृपा राम सेन, टीकाराम पटेल एवं पंचायत सचिव सुनील प्रधान शिक्षक टीआर साहू उपस्थित रहे।

यह कार्यक्रम प्राचार्य एचएल दीवान के निर्देशन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी लता भोई के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। अपने उद्बोधन में प्राचार्य दीवान ने महाविद्यालय द्वारा संपन्न विगत शिविरों की उपलब्धियों एवं वर्तमान शिविर का थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा पर योजनाबद्ध तरीके से मिलकर कार्य करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि अग्रवाल ने कहा कि नशा जैसे सामाजिक बुराई से समाज को मुक्त करने के लिए एक सामुदायिक प्रयास की आवश्यकता है। क्योंकि, सभी वर्ग इसके गिरफ्त में हैं। इस अवसर पर अन्य अतिथियों ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया एवं नशामुक्ति एवं स्वच्छता पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। महाविद्यालय स्टाफ से सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा, तरुण ध्रुव एवं अंशुल तिवारी (लैब टेक्नीशियन) शामिल रहे। सात दिवसीय शिविर के संचालन के लिए दलनायक के रूप में खूबचंद पटेल व दलनायिका के रूप में नूतन निषाद का चयन किया गया।

# गुहा निषाद व प्रभु श्रीराम का संबंध सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरणः अमर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विभिन्न स्थानों पर मनाई गई भक्त गुहा निषादराज की जयंती

नगर पंचायत तुमगांव सहित ग्राम पंचायत केडियाडीह व बड़गांव में भक्त गुहा निषाद जयंती व मड़ई मेला का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम स्थलों पर अमर ने प्रभु श्रीराम तथा उनके परममित्र रामभक्त निषाद राज गुहा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व आपसी भाईचारे की प्रार्थना की। अमर ने बड़गांव, केडियाडीह व भाठापारा तुमगाँव के निवासियों को भक्त निषाद राज जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भक्त गुहा निषाद राज और प्रभु श्रीराम का संबंध अटूट प्रेम, विश्वास और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है, जो ऊंच-नीच और भेदभाव से परे है। उन्होंने कहा कि निषाद समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और समाज आज भी अपनी मेहनत, सेवाभाव और समर्पण से छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू, लिखत यादव, राजू साहू, रोहित साहू, रामशरण, राहुल यादव पार्षद प्रतिनिधि, शत्रुहन निषाद पार्षद, समस्त पार्षदगण, ओमप्रकाश यादव पूर्व पार्षद आदि मौजूद रहे।

# नयापारा में वैदिक मंत्र जाप से मां काली प्रतिमा किया विराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

- नयापारा में धूमधाम से मनाई जा रही काली पूजा उत्सव, निकाली गई भव्य शोभायात्रा

ग्राम अछरीडीह नयापारा में काली भक्त बाबा टोहल निषाद द्वारा त्रिदिवसीय पांच कुंडीय काली यज्ञ एवं भंडारा का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे संतों के सानिध्य में कोडार नदी से कलश शोभायात्रा मुख्यमार्ग से निकालकर कार्यक्रम स्थल में घट स्थापना की गई। यज्ञाचार्य पंडित खोमन शर्मा व रायपुर से पधारे पंडित राकेश शर्मा एवं पंडित मनीष शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ भगवान एवं समस्त देवी-देवताओं का आव्हान करते हुए यज्ञाग्नि प्रज्ज्वलित की गई। मां भद्रकाली की प्रतिमा स्थापित की गई। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरु और शिष्यमंडल ने यज्ञ का प्रारंभ किया।

शुक्रवार को यज्ञ की निरंतरता के साथ शाम 7 बजे ग्राम के मानस मंडली मानसगान एवं रात्रि 10 बजे गायत्री मानस मंडली की ओर से रंगारंग प्रस्तुति दी गई। शनिवार को प्रातः 10 बजे बिरकोनी के सेवा मंडली ने जस गीत की प्रस्तुति दी। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक



बालकृष्ण मानस परिवार रेंगाडीह बलौदाबाजार भक्तिमय सत्संग की प्रस्तुति दी। संध्य को साधु सम्मेलन में उमेशानंद गिरि महाराज द्वारा प्रवचन में अमृत गंगा का आनंद भक्तों ने लिया। रात्रीय 7 बजे से 11 बजे तक जसगीत झांकी शिव भक्ति एवं फाग परिवार कसही की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। सुबह से शाम तक भक्त माता की जगराता कार्यक्रम का आनंद भक्तों ने लिया। तृतीय दिवस रविवार को महंत स्वामी गणेशानंद गिरी महाराज द्वारा देवी पुराण रहस्य पर प्रवचन से भक्तों को लाभान्वित किया जाएगा। यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ सांग बाना द्वारा माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। रोज कार्यक्रम में यज्ञ एवं भंडारे में पुण्य लाभ लेने हेतु नित्य प्रति हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ को सफल बनाने रविवार को बाबा टोहल निषाद और शिष्य मंडली द्वारा भव्य सांग बांग के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर रघुवीर शरण सिंह ठाकुर, मैथलीशरण ठाकुर, लोकनाथ निषाद, बुधेश्वर साहू, सूरज सिंह, अंबर सिंह, धनसिंग निर्मलकर, रूपेश निषाद, देव साहू, तुलेश निषाद, अजय चक्रधारी, रजत पांडे, चन्दन साहू, नागेश साहू, लोकेश जलक्षत्री, दिनेश निर्मलकर, रामा निषाद, गंगाराम निषाद, मोरध्वज यादव, शुभम निषाद, राकेश शर्मा, रवि साहू, धनाऊ निर्मलकर, सागर तिवारी, नारायण धवंशी, सोनू चक्रधारी, रेवाराम साहू, विनोद निषाद, लाला लक्ष्मी ध्रुवंशी, छोटू साहू उपस्थित रहे।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध

- अपेंडिक्स व हर्निया का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- आँखों के सभी ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील व अंडकोष का ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन
- ब्रेन एवं मस्तिष्क के सभी ऑपरेशन

24/7 उपलब्ध सर्जन

- डॉ. एन. के. अग्रवाल – वरिष्ठ सर्जन
- डॉ. गंगाधर आत्राम – जनरल, लैप्रोस्कोपिक एंडोस्कोपी एवं लेज़र सर्जन
- डॉ. देवेश अग्रवाल – नेत्र रोग सर्जन
- डॉ. भारती अग्रवाल – स्त्री, प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
- डॉ. संदीप अग्रवाल – ऑर्थोपेडिक सर्जन
- डॉ. वैभव धवली – न्यूरो सर्जन

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL

अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
TPA, CGHS की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### वीबी-जी राम जी कानून में 125 दिन रोजगार की गारंटी : तुषार



**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वीबी-जी राम जी कानून के तहत ग्रामीणों को अब सवा सौ दिन यानी 125 दिन रोजगार की गारंटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी निर्णय है, जिससे गांवों के विकास, रोजगार और जल संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। साहू ने बताया कि केंद्र सरकार ने इस योजना को छह माह के भीतर राज्य में अधिसूचित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार शीघ्र ही इसका नोटिफिकेशन जारी करेगी, ताकि योजना का लाभ जल्द से जल्द ग्रामीणों तक पहुंच सके। 100 से बढ़कर 125 दिन हुआ रोजगार उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार की गारंटी थी, जबकि वीबी-जी राम जी योजना में इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है।

### आयोजन : प्रशासन से गांवों में अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई की मांग

# सप्तशक्ति संगम एवं मातृ सम्मेलन में नशा-पान के खिलाफ उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लाफिनखुर्द स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को विद्या भारती अखिल शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित सप्तशक्ति संगम एवं मातृ सम्मेलन कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सारिका वैद्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में हुलसी चंद्राकर शामिल हुईं। अध्यक्षता सरपंच जानकी साहू ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सारिका वैद्यने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। समाज और राष्ट्र





के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है तथा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रशासन सदैव तत्पर है। वहीं विशिष्ट अतिथि हुलसी चंद्राकर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नशा-पान के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से नशे के खिलाफ जागरूक होकर एकजुट होने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि गांवों में नशा-पान का प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, जिससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। सभी ने प्रशासन से गांवों में अवैध शराब एवं नशा-पान पर सख्त कार्रवाई कर इसे पूर्ण रूप से बंद कराने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद, प्रश्नोत्तरी एवं अन्य प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली माताओं का सम्मान किया गया। शाम के सत्र में अतिथियों के आगमन के साथ पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सशिमं परिवार एवं आयोजकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### अवैध धान भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विकासखंड के ग्राम मोहदा में तहसीलदार मनीषा देवांगन के नेतृत्व में अवैध धान भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। ग्राम मोहदा निवासी टिकेश्वर यादव पिता मेघराज यादव के घर, दुकान एवं गोदाम की जांच के दौरान लगभग 1000 कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया। जांच में मंडी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उक्त धान को मंडी अधिनियम के तहत जप्त किया गया। जब्त की गई धान की मात्रा को आगे की कार्रवाई के लिए कृषि उपज मंडी पिथौरा को सुपुर्द कर दिया गया है। तहसीलदार मनीषा देवांगन ने कहा कि अवैध भंडारण, कालाबाजारी और मंडी नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



### महांती समाज ने पिकनिक में मनाया नववर्ष

**महासमुंद।** महांती समाज ने बागबाहरा के निकट लमकेनी बांध मंदिर प्रांगण में बड़े धूमधाम से नववर्ष का स्वागत किया। समाज के सभी पुरुष, महिला व युवाओं ने नृत्य, गीत, संगीत व विविध मनोरंजन कार्यक्रम में भाग लेकर नववर्ष मनाया। समाज के कलाकारों ने अपने निराले अंदाज से सभी का मनोरंजन किया। मां तारिणी ग्रुप ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। द्वितीय चरण में लमकेनी बांध के प्राकृतिक सौंदर्य में समाज ने आनंद लिया। सामूहिक भोज के बाद तृतीय चरण में मां खल्लारी मंदिर (भीमखोज) में मां खल्लारी का दर्शन किया। अपने ईष्ट देव भगवान जगन्नाथ मंदिर का दर्शन किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष संजय महांती ने सभी समाजजनों को नववर्ष की बधाई दी। समाज के वरिष्ठ सदस्यों किशोर चंद्र महांती, मनोहर महांती, प्रतापचंद महांती, राजकिशोर महांती, संयोजक किशोर महांती ने नई कार्यकारिणी के उत्साह एवं कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर मां तारिणी मंच की अध्यक्ष सस्मिता पटनायक, राजेश महांती, रिंकू पटनायक, आशीष महांती, श्रीकांत महांती, कान्हा महांती, पवित्रा महांती का विशेष सहयोग रहा।

# छग राजभाषा आयोग के 9वें प्रांतीय सम्मेलन में सम्मानित हुए टेकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का नौंवा प्रांतीय सम्मेलन 10 एवं 11 जनवरी को न्यायधानी बिलासपुर सिम्स के आडिटोरियम में प्रदेशभर के साहित्यकारों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर राजभाषा आयोग के महासमुंद जिला समन्वयक साहित्यकार टेकराम सेन चमक को उनके बेहतर समन्वय एवं छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रचार प्रसार एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए न्यायमूर्ति चंद्रभूषण वाजपेयी भूतपूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय, डॉ. अरविंद तिवारी कुल सचिव सीवी रमन विवि कोटा, अशोक तिवारी से.नि.अपर कलेक्टर, भागवत जायसवाल अपर कलेक्टर अरविंद मिश्र से.नि. संयुक्त संचालक, अध्यक्ष भारतीय सांस्कृतिक निधि, सुधाकर बोदले कार्यक्रम अधिकारी म.बाल वि. एवं राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक, सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार के सानिध्य में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महासमुंद जिला समन्वयक टेकराम सेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा हमारी संस्कृति एवं प्रदेश की पहचान है। इस मिठासपूर्ण एवं आपस समरसता की भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल कर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ी को राष्ट्र में पहचान दिलाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में महासमुंद की धरती ने अनेक साहित्यकार को जन्म देकर हमें गौरवान्वित किया है। व्यंग्य विधा के क्षेत्र में लतीफ घोंघी पूरे राष्ट्र में हमें पहचान दिलाया। वहीं छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए मेहत्तर राम साहू, बिट्ठल राम साहू, आनंद तिवारी पौराणिक, डॉ. अनसूया अग्रवाल, एस चंद्रसेन, डॉ. बंधु राजेश्वर खरे, किसान दीवान, भागवत जगत जैसे साहित्यकारों ने छत्तीसगढ़ी अस्मिता के लिये सर्वस्व समर्पण किया है। सेन को 9वें प्रांतीय सम्मेलन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किये जाने पर उमेश भारती गोस्वामी, हबीब खान समर, डी. संत साव, जयराम पटेल, पुष्पलता भार्गवत, एस चंद्रसेन, सरिता तिवारी, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, मानकदास मगन, बंटी छत्तीसगढ़िया, यशवंत चौधरी, डिजेंद्र कुर्रे, धनराज साहू, रुपेश्वर तिवारी, पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढिया, डॉ. रामशरण चंद्राकर सहित साहित्य जगत एवं शिक्षा जगत से जुड़े सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

# शोधार्थी नम्रता ध्रुव को मिली पीएचडी की उपाधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला में नम्रता ध्रुव को हिंदी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई की है। उन्होंने अपना शोध प्रबंध, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन में पूरा किया है। उनका शोध विषय कृष्णा सोबती के उपन्यासों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन रहा है। कोई भी साहित्य मनोविज्ञान से अछूता नहीं होता है।

हिंदी साहित्य के मनोविज्ञान दृष्टिकोण को अपनाकर गहन शोध कार्य करने की आवश्यक है। डॉ. नम्रता ने अपने शोध के माध्यम से हिंदी साहित्य में मनोवैज्ञानिक पक्ष को उजागर किया है। निश्चित ही यह शोध प्रबंध मनोविज्ञान विषय में रुचि रखने वाले शोधार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा। शोध मौखिकी परीक्षा के बाह्य परीक्षक डॉ. मुन्ना तिवारी विभागाध्यक्ष हिंदी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी उत्तर प्रदेश रहे। इस अवसर पर प्रो. डॉ.मधुलता बारा अध्यक्ष साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला एवं डॉ. गिरजा शंकर गौतम अध्यापक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर तथा विभिन्न महाविद्यालय से आए प्राध्यापक डॉ. प्रीतालाल डॉ. तनूजा बघेल, डॉ. भूपेंद्र वर्मा नवीन शासकीय महाविद्यालय अमलीडीह रायपुर, डॉ.भारती मंडावी सिलौरी महाविद्यालय धमतरी एवं परिवार के सदस्य माता रुपई ध्रुव, सुमंत्रा मरकाम, उत्तर ध्रुव, अनुपमा ध्रुव, बेटा आयुष ध्रुव, बहनोई हेमंत ध्रुव एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शोधार्थियों की उपस्थिति रही। इस उपलब्धि पर शोध केंद्र की अध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, डॉ. दुर्गावती भारती विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ. मालती तिवारी शोध संवर्धन समिति की अध्यक्ष, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद ने हर्ष जताया है।

# शांत्रीबाई महाविद्यालय में हुआ मतदाता पुनरीक्षण जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- रैली, मानव शृंखला, मतदाता शिविर समेत अनेक आयोजन

शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रैली, मानव शृंखला, मतदाता शिविर आयोजन, मतदाता जागरुकता शपथ, रंगोली, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनभागीदारी बढ़ाने एवं नागरिकों को मतदाता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा मानव श्रृंखला जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण, मतदान का महत्व तथा योग्य नागरिकों द्वारा अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया गया।

विद्यार्थियों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर मानव श्रृंखला बनाते हुए पहले मतदान, फिर जलपान, मेरा वोट मेरा अधिकार जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से जनजागरुकता का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थियों एवं नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम



हटाने, संशोधन कराने तथा पता परिवर्तन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने आगे कहा कि सही एवं अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने मतदाता विवरण की जांच कर समय रहते आवश्यक सुधार कराए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर ने कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव होता है।

प्रत्येक नागरिक को अपने मतदाता विवरण की जांच कर आवश्यक संशोधन समय पर कराना चाहिए तथा मतदान के दिन शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन पोर्टल एवं ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक बनें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी मतदाता पुनरीक्षण के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, हीना चंद्राकर, रेशम साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविंद वास, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल, एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त विज्ञप्ति सहायक प्राध्यापक हीना चंद्राकर एवं घनश्याम साहू द्वारा दिया गया।

### बागबाहरा में यात्री प्रतीक्षालय का शुभारंभ





**बागबाहरा।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड-2 जनपद कार्यालय के पास व बस स्टैंड में 7-7लाख की लागत से बने 7 सीटर यात्री प्रतीक्षालय का गुरुवार को नगर पालिकाअध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने विधि विधान से पूजा अर्चना श्रीफल तोड़कर शुभारंभ कर आम नागरिकों को समर्पित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि प्रतीक्षालय के बनने से यात्रियों को सर्दी, गर्मी और बारिश के समय बसों और वाहनों का इंतजार करने में परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर नप उपाध्याक्ष देवेश साहू, सभापति मंता यादव, मिथुन अमीर, शौलेश साहू, मेनका पोखराज साहू, शिवा जगत, पार्षद प्रेम साहू, उदय चंदेल, सविता दीवान, थानू पांडे, प्रीति महेंद्र गुप्ता, सीएमओ गिरीश चंद्रा, उपअभियंता दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > लिगामेंट के दर्द
> गोल्फ एल्बो > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयंत्यापो न शोषयति मारूतः ।।



जन्म 03.02.2003
स्वर्गवास 13.01.2026

श्री स्व.हितेश कुमार निषाद जी

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।
आपकी स्मृतियाँ सदैव हमारे अंतर्मन में जीवित रहेंगी।

-विनीत-
हरिभूमि परिवार महासमुंद (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप



### शिक्षक को मिला गौरव अलंकरण पुरस्कार

**महासमुंद।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार के लिए शिक्षक श्रीधर राव शासकीय प्राथमिक शाला सोरमसिंघी संकुल केंद्र सोरम सिंघी को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी सेवाकाल 1998 से आजपर्यंत तक वे शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उनके लंबे कार्यकाल में बच्चों की उपलब्धि व उनके स्कूलों से नवोदय में चयनित विद्यार्थियों का चयन हुआ। यह गौरव की बात है कि आज शिक्षा के क्षेत्र में अपनी लगातार सेवा भाव से उनको यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। शिक्षक राव के सम्मानित होने पर संकुल सोरमसिंघी के शिक्षकों, शाला विकास समिति के सदस्यों एवं ग्रामीण जनों में हर्ष व्याप्त है। संकुल प्राचार्य रामूदास निराला, संकुल समन्वयक पीतांबर राव पाठक, तुलसीराम नेताम, रूपसिंह दीवान, लोकेश्वर मोगरे, दौलत राम निषाद, हरिहर सिंह साहू, देवनाथ पटेल, पंकजनी सिंह आदि ने हर्ष जताया है।



### टामकी, बंधुआ व नवा तालाब की सफाई आज

**महासमुंद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद तथा हमर भुंइया पर्यावरण संरक्षक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आज 18 जनवरी सुबह 7 से 10 बजे तक स्थानीय टामकी, बंधुआ एवं नवा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत तालाब फैले गंदगी, प्लास्टिक प्रबंधन एवं अन्य अनुपयोग कचरों का निपटान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में शहर समस्त पर्यावरणीय प्रेमियों, सामाजिक संस्थाओं, जागरूक नागरिकों से उपस्थिति की अपील आयोजकों द्वारा की गई। उक्त जानकारी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष डॉ. एचबी कालीकोटी एवं हमर भुंइया पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

आयोजन : ग्राम खट्टा में भक्त गुहा जयंती में शामिल हुए नपाध्यक्ष


# भगवान श्रीराम के परम मित्र थे भक्त गुहा निषाद राज : निखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खट्टा (पटेवा) में आयोजित

- पटेवा क्षेत्र के ग्राम खट्टा में मनाई गई गुहा निषाद राज की जयंती

भक्त गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। साहू ने भक्त निषाद राज व भगवान राम चंद्र की पूजा कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान थीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि भक्त निषाद राज ने भगवान को गंगा पार कराया था। वे श्रीराम के प्रिय मित्र थे। भगवान राम ने उन्हें गले से लगाकर मित्रता का वचन दिया था। ऐसे महान राम भक्त की जयंती पर आज शामिल होने का सौभाग्य मुझे मिला इसके लिए मैं आप सबका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने समाज के लोगों को भक्त निषाद राज जयंती की बधाई देते हुए भगवान राम के जयकारे लगाए। जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जगोवती निषाद, लक्ष्मीलाल निषाद, देव कुमार निषाद, गणेश निषाद, सेवक निषाद, नरोत्तम निषाद, देवराज निषाद, जोहन निषाद, सुरेश निषाद, मोहन निषाद, जयपाल निषाद, पवन निषाद, संतोष निषाद, संतराम निषाद सहित बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग व ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार शिक्षादूत से प्रधान पाठक गफ्फार हुए सम्मानित

**भंवरपुर।** जिले के बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर संकुल केंद्र जमदरहा के प्रधान पाठक गफ्फार खान को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवम अनुकरणीय कार्य करने के कारण मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2025 शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान में प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशिष्ट अतिथि चंद्रहास चंद्राकर (बीज निगम अध्यक्ष महासमुंद), इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी (मुख्य आयुक्त राज्य स्काउट गाइड ), अपर कलेक्टर रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, डाइट प्राचार्य अरुण कुमार प्रधान, सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा, एपीसी विद्या साहू आदि उपस्थित थे। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने अपने इस सम्मान को अपने माता-पिता और गुरुजनों को समर्पित किया है। प्रधान पाठक गफ्फार खान को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार शिक्षादूत से सम्मानित होने पर बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक अनिल सिंह साव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर, जमदरहा संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे, जमदरहा नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, बड़ेटेमरी संकुल समन्वयक वारिश कुमार, गिधली संकुल समन्वयक गजेन्द्र नायक, बसना संकुल समन्वयक अध्यक्ष त्रिकांत बाघ, सीएस पटेल (प्राचार्य भूकेल), ढुरुगपाली टुकड़ा, सहायक शिक्षक मथामनी साहू, बसना विकासखंड के शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति ललितपुर और समस्त शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

### बिंद्रावन में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथावाचक पंडित हेमप्रकाश शर्मा उखरा वाले ने अंतिम दिन सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित मोक्ष की कथा की वर्णन किया। जिसमें राजा परीक्षित को ऋषि पुत्र का शाप था। वे सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से उनकी मृत्यु हुई। शुकदेव महाराज ने उन्हें सात दिनों तक कथा सुनाई, जिससे उन्हें आत्मज्ञान हुआ। इसके दूसरे दिन गीता हवन, कपिला तर्पण एवं बरात भागवत पोथी पुराण की शोभायात्रा निकली। हर घर के आंगन में रंगोली सजाकर ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में डेमो दिवस व आइडिया शोकेस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग द्वारा आईआईसी के तहत डेमो दिवस/ आइडिया शोकेस का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन, आईआईसी प्रेसीडेंट डॉ रीता पांडे के निर्देशानुसार एवं रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की संयोजक डॉक्टर मालती तिवारी के मुख्य आतिथ्य में 17 जनवरी 2026 को किया गया। जिसमें बीसीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के नए विचारों को पेश करने एवं अपने सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान के रूप में प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता हैं, जिनके कारण उनके विचारों में सुधार होगा, जिससे वे आगे चलकर भविष्य में इन नवाचार विचारों का उपयोग कर एक अच्छे उद्यमी बन सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की रिसर्च एंड डेवलपमेंट की संयोजक डॉ मालती तिवारी ने नवाचार एवं रिसर्च



के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार देवांगन ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व को बताया। साथ ही डेमो डे/आइडिया शोकेस में हम अपने नवाचार, प्रोटोटाइप, पोस्टर प्रेजेंटेशन, मॉडल, पीपीटी प्रेजेंटेशन को प्रदर्शित कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा एआई/एआर/ वीआर / आईवोटी के टूल्स का उपयोग कर पोस्टर एवं मॉडल के सहायता से अपने नवाचार विचारों को प्रदर्शित किया। जिसमें छात्रों द्वारा ऑटोमेटेड डस्टबिन एवं ऑटोमेटेड फीडिंग मशीन को बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन टीकम साहू ने किया। कार्यक्रम को क्वार्टरली एक्विटी के अंतर्गत कराया गया। कार्यक्रम में 25 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष दिलीप बढ़ाई, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे, प्रो.मनबोध चौहान, प्रो.जगदीश सत्यम, डॉ भूपेश पात्रा, रोहिणी देवांगन, चमन साहू एवं समस्त छात्र-छात्राओं में दुष्यंत, प्रांजलि, प्रियंका, प्राची सोनी, विक्की, रुद्र, ऋतिक, हर्षिल, सृष्टि, प्रीति, हितेश, पूनम, रुद्राक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे।

## करुणा और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे निषादराज : तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नदी चौक में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती शोभायात्रा में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए।

एक भक्तिपूर्ण और सामाजिक अनुभव है, जहां भक्त भगवान राम के प्रिय मित्र गुहा निषाद के आदर्शों को याद करते हैं, शोभायात्रा में झांकियां, बैंड और जयकारे होते हैं, और यह समाज को संगठित करने, संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि निषादराज महाराज ने हमें समाज के लिए त्याग करने की सीख दी। हम एकजुट होकर देश की तरक्की के लिए कार्य करें।



उन्होंने निषाद समाज के लोगों से अपील की कि वह बेटी की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। ऋंगवेरपुर के राजा गुहा थे। इनके पिता का नाम हिरण्यधनु और माता का नाम सुलेखा था, जो निषाद समाज के थे। उन्होंने त्रेतायुग में वनवास काल में भगवान राम, सीता तथा लक्ष्मण को गंगा पार कराई। महाराज गुहा का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष की पंचमी को हुआ था। इसीलिए इस तिथि पर महाराज गुहा की शोभायात्रा निकाली जाती है। महाराज गुहा के चित्र की आरती उतारी गई और मार्ग में जगह-जगह शोभायात्रा का जोरदार स्वागत हुआ। शोभायात्रा में निषादराज गुहा, रामचंद्र, महाकाल शिव की बारात की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

## कॉलेज में हुआ वंदे मातरम गान का सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ

- वंदे मारतम गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई

पर शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12:40 बजे महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के सामूहिक एकत्रीकरण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभक्ति की आत्मा है। इसकी 150वीं वर्षगांठ हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराती है।

कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम पंचायत मचेवा की जनप्रतिनिधि के रूप में सरपंच प्रमिला ध्रुव ने उपस्थित होकर छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने



प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि युवा पीढ़ी राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला है और वंदे मातरम जैसे गीतों से उनमें देशप्रेम, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना सुदृढ़ होती है। बी कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा भावना आर्य द्वारा वंदे मातरम के महत्व पर भावपूर्ण संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओंकार साहू सहायक प्राध्यापक (हिंदी) ने किया। अंत में समस्त उपस्थित छात्राओं, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गान किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, डॉ मनोज शर्मा, डॉ स्वेतलाना नांगल, अजय श्रीवास, जगदीश खटकर, वंदना यादव, अरविंद साहू, कविता गहीर, खगेश्वर नवरंगे, कार्यालयीन स्टाफ संतराम मन्नाड़े, अश्वनी कुमार लोधी, रामकृष्ण साहू, अतिथि व्याख्याता डॉ लोकनाथ तारक, डॉ चित्रलेखा साहू, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ हेमेंद्र साहू, संजय वर्मा, जनभागीदारी शिक्षक पूजा साहू, प्रेरणा कापसे, चमन आडिले, अहिल्या लहरे, मनीष बंजारे, विनोद बंजारे व कामिन निषाद मौजूद रहे।

## राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत मेरिट सूची के आधार पर वर्गवार दस्तावेज सत्यापन 27 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (ए) अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों से संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा 2025-26 की तैयारी हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 28 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई, जिसकी मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है। मेरिट सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की वर्गवार सूची एवं कार्यक्रम विवरण विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है। दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम मुख्यालय इंद्रावती भवन, नवा रायपुर स्थित मीटिंग हॉल क-04 (तृतीय तल) में आयोजित किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 27 जनवरी 2026 तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का 28 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थियों को प्राक्चयन परीक्षा प्रवेश पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, निवास एवं जाति प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक मूल अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अनुपस्थित या अपूर्ण अभिलेख प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय के पश्चात दस्तावेज सत्यापन एवं किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

## बढ़ाईपाली जोन में पांच दिवसीय नवीन पाठ्यपुस्तकों पर शिक्षकों का हुआ एफएलएन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

हायर सेकेंडरी बढ़ाईपाली में 12 जनवरी से 16 जनवरी तक नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षकों का उन्मुखीकरण एवं शिक्षक प्रशिक्षण हुआ। प्रथम दिवस का प्रशिक्षण, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ाईपाली के प्रभारी प्राचार्य आरपी साहू, प्रशिक्षकगण डोलामणि साहू, गंगाराम चौहान, क्रांति पाल मंडल, कार्यक्रम समन्वयक मनोज बरिहा, डिगम लाल साहू ने प्रारंभ किया। बीआरजी डोलामणि साहू ने प्रशिक्षण की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में निपुण भारत अभियान अंतर्गत 3 से 9 वर्ष के उम्र तक के बच्चों (कक्षा 3



के अंत तक) को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में निपुण करने के लिए 2026-27 तक का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षकों का यह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण रखा गया है। प्रशिक्षण सत्र में तीसरे दिन बीआरसी नरेश पटेल ने प्रशिक्षणार्थी साथियों से अपील करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा में बच्चों की नींव मजबूत करने अर्थात एफएलएन में दक्ष करने की महती जिम्मेदारी आप सबकी है।

आपके सद्प्रयास से यही बच्चे कल के भविष्य बनेंगे। इस कार्य में आपका योगदान हमेशा स्मरणीय और अतुलनीय रहेगा। बीआरजी क्रांति पाल मंडल और बीआरजी गंगाराम चौहान ने विभिन्न पद्धतियों गतिविधियों के माध्यम से हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण और कला विषयों के अध्यापन, आकलन के बारे में विस्तृत रूप से बताया। योग शिक्षा विभिन्न कलाओं का हमारे शैक्षिक वातावरण पर पड़ने वाले प्रभाव और छात्रों के समग्र विकास की जानकारी दी। प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस डीआरजी अशोक पटेल, समन्वयक राजाराम पटेल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए अंग्रेजी विषय के अध्यापन कैसे करें पर अपने व्याख्यान दिए।

